
# साल 2021 के लिए मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार का ऐलान

घोषणा

## मेडिसिन के क्षेत्र में साल 2021 का नोबेल डेविड जूलियस और अरदम पैटापूटियन के नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

स्टॉकहोम। साल 2021 के लिए मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान David Julius और Ardem Patapoutian को मिला है। दोनों ने तापमान और स्पर्श के लिए रिसेप्टर्स की खोज की थी। पिछले साल यह पुरस्कार हार्वे अल्टर, माइकल हॉगटन और चार्ल्स राइस को संयुक्त रूप से दिया गया था। इन वैज्ञानिकों ने मिलकर हेपटाइटिस सी वायरस की खोज की थी। डेविड जूलियस ने त्वचा के तंत्रिका के अंत में एक सेंसर की पहचान करने के लिए मिर्च से एक तीखा यौगिक, जो जलन पैदा करता है। कैप्साइसिन का उपयोग किया है। जो गर्मी के प्रति प्रतिक्रिया करता है। इसके साथ ही अरदम पैटापूटियन ने सेंसर के एक नोवेल वर्ग की खोज के लिए दबाव–संवेदनशील कोशिकाओं का उपयोग किया जो त्वचा और आंतरिक अंगों में यांत्रिक उत्तेजनाओं को रिस्पांड करते हैं।




**सुलझाई बड़ी गुत्थीः** नोबेल समिति ने बताया है कि कैसे डेविड और आर्डम ने यह खोज की जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। हमारी त्वचा पर मौजूद नसों पर तापमान या दबाव का अलग–अलग असर होता है। यह वैज्ञानिकों के सामने हमेशा से एक पहेली बना रहा कि आखिर तापमान, गरमाहट या ठंडक या स्पर्श को कैसे डिटेक्ट किया जाता है और nerve impulse में बदलकर nervous system के उस हिस्से तक पहुंचाया जाता है जहां इनका मतलब हमारे शरीर को समझ में आता है? नई खोज में इसी सवाल का जवाब दिया गया है।

**क्या है खोज?:** डेविड ने अपनी खोज के लिए मिर्च का इस्तेमाल किया जिससे त्वचा पर दर्द के असर को देखा जाए। उन्होंने बक्छ। जीन मिला जो ऐसे ion channel बनाता था जिन्हें पहले कभी खोजा नहीं गया था। ये पवद बींददमस ऐसे तापमान पर ऐक्टिवेट हो जाता था जिसे दर्द के बराबर माना गया हो। इसके बाद डेविड और आर्डम ने TRPM8 की खोज की जो ठंडक से जुड़ा रिसेप्टर पाया गया।

**क्यों अहम है यह खोज?:** आर्डम ने PIEZO1 और PIEZO2, दो मकैनिकल सेंसर्स की खोज की और पाया कि PIEZO2 स्पर्श को पहचानने के लिए अहम होता है। दोनों की खोज ने स्पर्श के एहसास और सर्दी–गर्मी की समझ के पीछे के रहस्य को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है। यह हमारे महसूस करने, किसी चीज को पहचानने और उससे इंटरेक्ट करने की क्षमता के लिए बेहद अहम है।

### न्यूज डायरी




## नेपाल को सता रहा चीनी कर्ज में फंसने का डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में चीन की बदनाम बेल्ट एंड रोड परियोजना और ड्रैगन के अन्य निवेश का जोरदार विरोध शुरू हो गया है। नेपाली जनता को अब अहसास हो गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ड्रीम प्रॉजेक्ट बेल्ट एंड रोड इस हिमालयी देश के लिए हितकारी नहीं है। यही नहीं कई अफ्रीकी देशों में बीआरआई की योजनाओं को रद किए जाने के बाद अब नेपाली नेताओं की ओर से मांग उठ रही है कि हमें भी चीनी प्रॉजेक्ट पर फिर से विचार करने की जरूरत है। नेपाली नेताओं को इस बात का डर सता रहा है कि उनका देश भी कहीं बीआरआई के नाम पर चीनी कर्ज के तले न दब जाए। नेपाल के पूर्व डेप्युटी पीएम राजेंद्र महतो ने द संडे गार्डियन से बातचीत में कहा कि देश में चीन का बीआरआई प्रॉजेक्ट अभी अपने शुरुआती चरण में है।

## यूएई में भारतीयों को मिलेगा नई डिजाइन वाला पासपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीयों प्रवासियों को अब नए डिजाइन वाला भारतीय पासपोर्ट दिया जाएगा, जिसमें पहले से ज्यादा सुरक्षा विशेषताएं होंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने या पुराने पासपोर्ट को रिन्यू करवाने पर नई डिजाइन वाला पासपोर्ट मिलेगा। अधिकारी ने बताया कि स्टॉक के खत्म होने तक 60 पन्नों वाला पुराना पासपोर्ट भी जारी किया जाएगा। नागरिकों को जारी किए जाने वाले रेग्युलर पासपोर्ट की नई डिजाइन भारतीय मंत्रालय द्वारा पेश की गई थी। अधिकारी ने कहा कि हमने नए डिजाइन के साथ बुकलेट जारी करना शुरू कर दिया है। हम जंबो पासपोर्ट को नई डिजाइन में जारी नहीं कर रहे हैं लेकिन हमारे पास इसका स्टॉक है। एम्बेडेड चिप के साथ ई–पासपोर्ट अभी तक यूएई में जारी नहीं किया गया है। नए भारतीय पासपोर्ट के सिर्फ डिजाइन और मजबूती में बदलाव किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मजबूती को बढ़ाया गया है।

## फुमिओ किशिदा बने जापान के नए प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान की संसद ने पूर्व विदेश मंत्री फुमिओ किशिदा को सोमवार को देश का नया प्रधानमंत्री चुना। किशिदा पर आसन्न राष्ट्रीय चुनाव से पहले कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और चीन और रूस जैसे खतरों से तेजी से निपटने की चुनौती है। किशिदा ने योशिहिदे सुगा का स्थान लिया है। सुगा और उनकी कैबिनेट ने दिन की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था। किशिदा और उनकी कैबिनेट के सदस्य आज ही, बाद में शपथ ग्रहण करेंगे। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों और संक्रमण के बावजूद ओलंपिक खेलों के आयोजन पर अड़े रहने की वजह से लोकप्रियता में कमी आने के कारण सुगा ने केवल एक साल पद पर रहने के बाद ही इस्तीफा दे दिया था। जापान के पूर्व विदेश मंत्री किशिदा ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता पद का चुनाव पिछले सप्ताह जीत लिया था। किशिदा ने पार्टी के नेता पद के मुकाबले में लोकप्रिय टीकाकरण मंत्री तारो कोनो को हराया था।

## हंगरी में डरा रही कोविड–19 की चौथी लहर, टूटे पुराने सभी आंकड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बुडापेस्ट। हंगरी में इन दिनों कोरोना महामारी की चौथी लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। आलम ये है कि इस लहर में पुराने सभी रिकार्ड टूट गए हैं। इसके चलते देश में सबसे अधिक मामले रविवार को देखने को मिले। ये इसकी शुरुआत से अब तक सबसे अधिक हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में 1492 नए मामले रिकार्ड किए गए जबकि बीते तीन दिनों में कोरोना की वजह से 31 लोगों ने दम तोड़ दिया है। इसके साथ ही यहां पर कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 824,876 हो गए हैं जबकि देश में अब तक इसकी वजह से 31230 लोगों की जान जा चुकी है। इस लिहाज से यहां के आंकड़े अब लोगों को डरा रहे हैं।

## रूस ने पहली बार पनडुब्बी से दागी हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस की नौसेना ने परमाणु पनडुब्बी की मदद से जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण बैरंट सागर में किया गया है। इस मिसाइल ने परीक्षण के दौरान अपने लक्ष्य को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि रूसी नौसेना ने जिरकॉन किलर मिसाइल का किसी परमाणु पनडुब्बी की मदद से यह पहला परीक्षण किया है। परमाणु पनडुब्बी सेवेरोडविन्स्क से दागी गई इस हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने बैरंट सी में एक लक्ष्य को निशाना बनाया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले दिनों नई पीढ़ी की जिरकॉन मिसाइल की जमकर प्रशंसा की थी। मंत्रालय ने मिसाइल के परीक्षण का वीडियो भी जारी किया है। इसमें नजर आ रहा है कि मिसाइल रात के अंधेरे में पानी को चीरते हुए समुद्र से निकलती है और आकाश की ओर तेजी से बढ़ती है। बता दें कि अमेरिका और नाटो देशों के साथ तनाव के बीच रूस लगातार अपनी हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन का परीक्षण कर रहा है। हालांकि किसी परमाणु सबमरीन से यह परीक्षण पहली बार किया गया है। जिरकॉन एक एंटी शिप क्रूज मिसाइल है।



फेमस होने के जुनून में पार की हदें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। किसी भी धार्मिक स्थल से उस धर्म के लोगों की आस्थाएं जुड़ी होती हैं। दूसरे धर्म के लोग भी इन पवित्र स्थलों का अनादर नहीं करते लेकिन रूस में एक कपल की अश्लील हरकत ने सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा भड़का दिया है। इस कपल ने दुनिया के एक मशहूर चर्च के सामने अश्लील पोज देते हुए एक तस्वीर खिंचवाई और उसे इंटरनेट पर अपलोड कर दिया। इस फोटो का कई लोगों ने कड़ा विरोध किया और ईसाई धर्म ने इस पर आपत्ति जताई। यह हरकत करने वाले ताजिकिस्तान के वीडियो ब्लॉगर का नाम रसलान बोबीव है। रसलान एक महिला के साथ रूस की राजधानी मॉस्को में टहल रहे थे।

# भारत ने श्रीलंका को दिया भरोसा रिश्तों को बनाएंगे और ज्यादा गहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। भारतीय विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने सोमवार को कहा कि यह आवश्यक है कि भारत और श्रीलंका द्विपक्षीय रिश्तों को गहरा करने के लिए मिलकर काम करें। श्रृंगला ने कहा कि यह आर्थिक साझेदारी मजबूत करने और पारस्परिक लाभ, परस्पर समझ और पड़ोसियों के बीच अच्छे संबंधों द्वारा परिभाषित साझा उद्देश्य की नींव पर बना है। माना जा रहा है कि विदेश सचिव ने श्रीलंका को भरोसा दिलाया है कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ खड़ा है। इसके जरिए भारत ने चीन को भी बड़ा संदेश दिया है जो श्रीलंका को अपने कर्ज के जाल में फंसा चुका है।

भारतीय विदेश सचिव ने महिंदा राजपक्षे से मुलाकात की

श्रीलंका के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 'टेम्पल ट्रीज' में भारतीय विकास सहयोग परियोजनाओं की शुरुआत करने के अवसर पर श्रृंगला ने कहा कि भारत और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं को कोरोना वायरस महामारी के कारण बहुत नुकसान पहुंचा है।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य में श्रृंगला के हवाले से कहा गया, 'अपने–अपने देशों में हम तेज रफ्तार से सामाजिक एवं आर्थिक सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही यह आवश्यक है कि हम आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने और पारस्परिक लाभ, परस्पर समझ और पड़ोसियों के बीच अच्छे संबंधों से परिभाषित साझा उद्देश्य की नींव पर बने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए मिलकर काम करें।'

भारतीय विदेश सचिव ने कहा, 'इस मौके पर मैं कहना चाहता हूं कि हमारी ओर से हम हमारे सामाजिक–आर्थिक संबंधों पर कोविड–19 पाबंदियों के दुष्प्रभाव को कम करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और कोविड के बाद के सुधार के प्रयासों में श्रीलंका सरकार के साथ खड़े हैं।' श्रृंगला चार दिन की यात्रा पर शनिवार को श्रीलंका पहुंचे।

## फ्रांस–ग्रीक के बीच हुए अहम रणनीतिक समझौता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** निकोसिया। फ्रांस और ग्रीक के बीच हुए एक रणनीतिक समझौते को लेकर तुर्की खासा खफा है। तुर्की ने दोनों देशों के बीच हुई इस डील को क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया है। इस समझौते के तहत किसी अन्य देश द्वारा हमला किए जाने की सूरत में दूसरा देश तुरंत सैन्य मदद भेजेगा। वहीं, इस समझौते के बाद ग्रीस फ्रांस से तीन बेलहारा युद्धपोत भी खरीदेगा। इन तीनों का निर्माण फ्रांस ने ही किया है। इनकी एक खास बात ये है कि ये बेहद एडवांस्ड और पावरफुल हैं। इस तरह के जहाज ग्रीस के पास नहीं हैं। फ्रांस इन तीनों जहाजों को 2025 तक ग्रीस को सौंप देगा। इसके अलावा ग्रीस के पास चौथा जहाज खरीदने का भी एक विकल्प और होगा। आपको बता दें कि बेलहारा युद्धपोत एयर डिफेंस सिस्टम से युक्त हैं। इसके अलावा इनमें एंटी सबमरीन वारफेयर तकनीक भी लगी है और लंबी दूरी से ही अपने एयर टार्गेट को मार गिराने की भी काबलियत इन जहाजों में उपलब्ध है।